7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर | दिल्ली | हरियाणा | पंजाब | चंडीगढ़

अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 9 फरवरी 2017

amarujala.com

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज का 16 वां दीक्षांत समारोह

मेडल पाकर खिले टॉपर्स के चेहरे

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली।

श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी में बुधवार को स्व. श्री राममूर्ति के 107 जन्मदिवस पर ट्रस्ट के महाविद्यालयों का 16 वां दीक्षांत समारोह हुआ। एसआरएमएस इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी बरेली के बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए, एमटेक, एमफार्मा, एसआरएमएस इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च और इंजीनियरिंग कॉलेज उन्नाव के 815 छात्रों को उपाधियां और टॉपर्स को मेडल प्रदान किए गए। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक और ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने विद्यार्थियों को उपाधियां और मेडल प्रदान किए। गोल्ड मेडल हासिल करने वाले छात्रों को 51 हजार, सिल्वर मेडल वालों को 41 हजार और ब्राउंज मेडल पाने वाले विद्यार्थियों को 31 हजार का नकद पुरस्कार दिया गया। क्लास में आलराउंडर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्पेशल प्राइज दिया गया। इस मौके पर एकेटीयू के कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उपाधि हासिल करने का दिन छात्र जीवन में सबसे महत्वपूर्ण होता है। इसके लिए हर छात्र को कड़ी मेहनत करनी होती है। कड़ी मेहनत और लगन से लक्ष्य को हासिल करें। मुख्य अतिथि सीमेंस प्राइवेट लिमिटेड के वाइस प्रेजीडेंट हर्ष मेहरोत्रा ने कहा कि छात्र जीवन में की गई मेहनत ही हमें सफलता के मार्ग तक पहुंचाती है।

पढ़ाई के दौरान अपने लक्ष्य से कभी भटकना नहीं चाहिए। पढ़ाई के साथ उन्होंने व्यक्तित्व निखारने पर भी जोर दिया। ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने छात्रों को मुबारकबाद दी और संस्थान की उपलब्धियां गिनाईं। डीए एकेडमिक डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने संस्थान की योजनाओं पर प्रकाश डाला। 349 विद्यार्थियों को एक करोड़ पांच लाख 95 हजार की छात्रवृत्ति दी गई। संस्थान के एकेडमिक रिकॉर्ड पर प्रकाश डाला गया। ट्रस्ट के आदित्य मूर्ति ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

एसआरएमएस में हुए दीक्षांत समारोह के बाद अपनी डिग्रियों के साथ छात्र-छात्राएं।

इनको मिला गोल्ड

बीटेक में अन्य कैटेगरी में प्रेम प्रकाश गुप्ता चैरिटेबल फाउंडेशन गोल्ड मेडल छात्र हिमांशु शेट्टी, सुभाष मेहरा गोल्ड मेडल दीपिका सक्सेना, डॉ. ऊषा मेहरा गोल्ड मेडल शिवेंद्र प्रताप सिंह, पीएन गुप्ता गोल्ड मेडल सचिन चौहान, लक्ष्मी भूषण वार्ष्णेय गोल्ड मेडल शुभि सक्सेना, डॉ. आशा गुप्ता गोल्ड मेडल सुमित कुमार शर्मा, ओवरऑल स्पोर्ट्स एक्टीविटी के लिए स्पेशल प्राइज रितु यादव को मिला। इसके अलावा बीफार्मा में अपर्णा गुप्ता, अर्पित जायसवाल, एमसीए में प्रीति, एमबीए में वर्षा, एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च की खुशबू गुप्ता, दर्शिका सक्सेना, अपर्णा, सृष्टि शर्मा, एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी लखनऊ पियांशू अग्रवाल, नमन शुक्ला, विवेक यादव, जय किशोर, को गोल्ड मेडल मिला।

815 विद्यार्थियों को उपाधि और टॉपर्स को मिले पदक

इनको मिला श्री राममूर्ति मेडल और नकद पुरस्कार

छात्र	मेडल	ब्रांच और अंक	नकद पुरस्कार
• दीपिका सक्सेना	स्वर्ण	सीएस 82.3	51000
• हिमांशु शेट्टी	रजत	सीएस 81.8	41000
• शिवेंद्र प्रताप सिंह	कांस्य	ईसी 81.4	31000

एसआरएमएस में हुए दीक्षांत समारोह के दौरान डिग्री देते प्राविधिक विवि कुलपति विनय पाठक, साथ में देवमूर्ति।